**स्वरोजगार को बढ़ावा देने हेतु बहुउद्देशीय कौशल आधरित व्यवसायिक विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम।** ;

**Objectives of the programme.**

बच्चे व्यावसायिक शिक्षा ग्रहण करके अपना–अपना व्यावसायिक भविश्य में कर सकते हैं। जिससे पढ़ाई के साथ–साथ सरलता के आजीविका हेतु कुछ रोजपरक गतिविधि भी कर सकते हैं।

**Learning outcomes:-**

- व्यावसायिक शिक्षा छात्रों को विशिष्ट कौशल प्रदान करती है जो उन्हें अपने चुने हुए क्षेत्र में सफल होने में मदद करेगी।
- व्यावसायिक शिक्षा द्वारा छात्रों के कौशल, ज्ञान और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।
- यवसायिक शिक्षा छात्रों को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने और अपने जीवन में सुधार करने में मदद करेगी।
- व्यावसायिक शिक्षा छात्रों को अपने चुने हुए क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करेगी।
- व्यावसायिक शिक्षा छात्रों को अपने समाज में योगदान करने और समाज की जरूरतों को पूरा करने में मदद करेगी।

**(क्रियान्वयन)–**

इस कार्यक्रम को क्रियान्वयन हेतु विगत वर्ष मे डायट द्वारा निर्मित मॉड्यूल पर कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें व्यावसायिक शिक्षा बढ़ावा देने के लिए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पौड़ी गढ़वाल द्वारा 2 से 6 फरवरी 2026 को डाइट के निकटतम राजकीय इंटर कॉलेज खंडाह के कक्षा 9 एवं 11 के लगभग 40 छात्रों को प्लंबिंग एवं इलेक्ट्रीशियन का पांच दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्लंबिंग में प्लंबिंग हस्त औजार, प्लंबिंग पाइप और मटेरियल, पाइप फिटिंग ,जॉइंट और वॉल्ब एवं प्रयोगात्मक कार्य करवाया गया । इलेक्ट्रीशियन में इलेक्ट्रीशियन व्यवसाय परिचय ,सुरक्षा व सावधानियां, औजारों से परिचय ,विद्युत सहायक सामग्री, वायरिंग एवं परिपथ निर्माण, ट्रांसफर के बारे में साथ ही घरेलू उपकरण तथा प्रयोगात्मक कार्य संबंधी जानकारी दी गई ।कार्यक्रम का उद्घाटन डाइट के प्राचार्य श्री स्वराज सिंह तोमर द्वारा किया गया । राजकीय इंटर कॉलेज खंडाह के प्रधानाचार्य श्री विक्रम सिंह नेगी जी द्वारा डायट द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि छात्रों के लिए भविष्य में रोजगार प्राप्त करने में यह कार्यक्रम सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ के रूप में आई॰टी॰आई॰ श्रीनगर से अनुदेशक श्री मनोज कुमार पंत एवं श्री गोविंद राम रतूड़ी द्वारा छात्रों को प्रशिक्षण दिया गया । कार्यक्रम का समन्वयन डायट प्रवक्ता जितेंद्र सिंह राणा एवं श्रीमती ममता राणा द्वारा किया गया।